**C.B.S.E**

**कक्षा : 10**

**विषय: हिंदी A**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

**1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ।**

**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।**

**4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।**

**5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।**

**6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।**

## खंड - क

## [अपठित अंश]

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2×4=8) (1×2=2) [10]

हमें स्वराज्य तो मिल गया, परन्तु सुराज्य अभी हमारे लिए एक सुखद स्वप्न ही है। इसका प्रधान कारण यह है कि देश को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से कठोर परिश्रम करना हमने अभी तक नहीं सीखा। श्रम का महत्त्व और मूल्य हम जानते ही नहीं। हम अब भी आराम-तलब हैं। हाथों से यथेष्ट काम करने में रूचि नहीं है। हाथों से काम करने को हम हीन समझते हैं। हम कम से कम काम द्वारा जीविका चाहते हैं। हम यही सोचते रहते हैं कि किस तरह काम से बचा जाए। यह दूषित मानसिकता राष्ट्र की आत्मा में जा बैठी है और वहाँ से हटती नहीं है। यदि हम इससे मुक्त नहीं होते और

समाज से हम जितना पा रहे हैं या लेना चाहते हैं उससे कई गुना अधिक उसे अपने कठोर श्रम से नहीं देते, देश आगे नहीं जा सकता और स्वराज्य सुराज्य में परिणत नहीं हो सकता।

1. गद्यांश में सुखद स्वप्न किसे और क्यों कहा गया है?
2. देश को समृद्ध बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
3. कौन-सी दूषित मानसिकता देश की आत्मा में जा बैठी है?
4. स्वराज्य सुराज्य में कब परिणत होगा?
5. हमें किस बात में रूचि नहीं है?
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

## खंड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र. 2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (1x4=4)

(क) वह सवेरे उठते ही नहा-धोकर मंदिर चला जाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ख) वह कार तेजी से आकर खंभे से टकरा गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) वह मेधावी छात्र है इसलिए उसे सफलता अवश्य मिलेगी। (रचना की दृष्टि से वाक्य पहचानिए)

(घ) उन्होंने जैसे ही शहनाई बजानी शुरु की, सब उसकी ध्वनि में मग्न हो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

प्र. 3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए। (1x4=4)

(क) <u>मैं</u> जब वहाँ पहुँचा तो वर्षा हो रही थी।

(ख) <u>तुम्हें</u> भागवत ध्यान से पढ़नी चाहिए।

(ग) पानवाला <u>खुशमिजाज</u> आदमी था।

(घ) <u>अरे</u>, तुम भी आ गए!

प्र. 4. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए। (1x4=4)

(क) मैं दरवाज़ा नहीं खोल सकता। (कर्मवाच्य)

(ख) आओ आज नहर में तैर लें। (भाववाच्य)

(ग) रमा क्षण भर के लिए भी शांत नहीं बैठती है। (भाववाच्य)

(घ) श्रद्धालु काशीवासियों द्वारा इस सभा का आयोजन किया जाता है। (कर्तृवाच्य)

प्र. 5. निम्नलिखित काव्यांशों में प्रयुक्त रस पहचानिए। (1x4=4)

1. विंध्य के वासी उदासी तपोव्रतधारी महा बिनु नारि दुखारे<br>गौतम तीय तरी तुलसी सो कथा सुनि भे मुनिवृंद सुखारे।<br>ह्वै हैं सिला सब चंद्रमुखी, परसे पद मंजुल कंज तिहारे<br>कीन्हीं भली रघुनायक जू जो कृपा करि कानन को पगु धारे।।
2. रे अश्वसेन! तेरे अनेक वंशज हैं छिपे नरों में भी,<br>सीमित वन में ही नहीं, बहुत बसते पुरग्राम-घरों में भी।<br>ये नर-भुजंग मानवता का, पथ कठिन बहुत कर देते हैं,<br>प्रतिबल के वध के लिए नीच, साहाय्य सर्प का लेते हैं।
3. 'वियोग श्रृंगार' का स्थायी भाव क्या है?
4. 'घृणा' किस रस का स्थायी भाव है?

**खंड-ग**

**[पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक]**

प्र. 6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)

फादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे जिसके बड़े फादर बुल्के थे। हमारे हँसी-मजाक में वह निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते। मुझे अपना बच्चा और फ़ादर का उसके मुख में पहली बार अन्न डालना याद आता है और नीली आँखों की चमक में तैरता वात्सल्य भी जैसे किसी ऊँचाई पर देवदारू की छाया में खड़े हों।

(क) 'परिमल' किसका नाम है?

(ख) 'फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है।'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) फादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नयी छवि प्रस्तुत की है, कैसे?

प्र. 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x4=8)

1. काशी में हो रहे कौन-से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे?
2. लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

3. बिस्मिल्ला खाँ जीवन भर ईश्वर से क्या माँगते रहे, और क्यों? इससे उनकी किस विशेषता का पता चलता है?
4. मूर्ति पर कोई स्थाई फ्रेम क्यों नहीं रहता था?
5. लेखिका मन्नू भंडारी के पिता रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित करते थे?

प्र. 8. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (2×3=6)

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

(क) माँ बिटिया को किस अवसर पर यह सीख दे रही है और क्यों?
(ख) आग के विषय में माँ के कथन का क्या अभिप्राय है?
(ग) माँ ने आभूषणों को स्त्री जीवन के बंधन क्यों कहा है?

प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x4=8)

(क) 'तेल की गागर' के दृष्टांत के माध्यम से कवि क्या भाव प्रकट करना चाहता है।

(ख) ‘असमय खांड न ऊखमय’ से क्या अभिप्राय है?

(ग) 'मृगतृष्णा' किसे कहते हैं, कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?

(घ) फसल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?

(ङ) संगतकार की आवाज़ में एक हिचक-सी क्यों प्रतीत होती है?

प्र. 10. निम्नलिखित पूरक पुस्तिका के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [3×2=6]

1. देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी कई तरह से कठिनाईयों का मुकाबला करते है। सैनिकों के जीवन से किन-किन जीवन-मूल्यों को अपनाया जा सकता है? चर्चा कीजिए।
2. नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभरकर आई है? लिखिए।
3. आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं।

## खंड - घ

## [लेखन]

प्र. 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए। [10]

- ‘जहाँ चाह वहाँ राह’
- ‘कामकाजी महिलाएँ अपेक्षाएँ और शोषण’

प्र. 12. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

1. हिन्दी-दिवस पर विद्यालय में आयोजित गोष्ठी का विवरण देते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक पत्र के संपादक को प्रकाशनार्थ पत्र लिखिए।

अथवा

2. दसवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद आप क्या करना चाहते हैं? अपने भावी कार्यक्रम के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र. 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 25 से 30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। [5]

1. आयुर्वेदिक दन्तमंजन के लिए विज्ञापन बनाइए।
2. गुलाब जामुन मिक्स के लिए विज्ञापन बनाइए।